राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 143 | नूंह, शनिवार 22 फरवरी 2025 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

# डीजीपी और प्रमुख सचिव ने लिया प्रयागराज का जायजा, एंट्री-एग्जिट पॉइंट पर रखें विशेष नजर

एजेंसी ▶▶| महाकुंभ नगर

प्रयागराज में महाकुंभ अब अपने अंतिम पड़ाव की तरफ अग्रसर हो रहा है। दुनिया के इस सबसे बड़े मेले का आखिरी अमृत स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा और इसके साथ ही इस महाकुंभ का समापन हो जाएगा। संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार सड़क और रेल मार्ग प्रयागराज पहुंच रही है। महाशिवरात्रि पर तो प्रयागराज में जबरदस्त भीड़ जुटेगी ही लेकिन महाशिवरात्रि से पहले शनिवार और रविवार को वीकेंड पर भी भारी भीड़ होने की संभावना है। भारतीय रेलवे भी अलर्ट मोड पर है। प्रयागराज के साथ-साथ दिल्ली-हावड़ा रेल रूट के सर्वाधिक व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में शुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भी वीकेंड को रेलवे हाई अलर्ट है।

**1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसें चलेंगी, साथ ही 750 शटल बसें चलाई जाएंगी**

महाकुंभ के अंतिम चरण के सफल संचालन को योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। बसों का क्षेत्रवार आवंटन किया गया है,। सरकार ने भीड़ को देखते हुए बसों की पूर्ति के लिए यह निर्णय लिया है। महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं।



## वीकेंड पर उमड़ेगी भारी भीड़, पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट, 58 करोड़ से ज्यादा ने किया स्नान



**सभी वीआईपी पास रद्द**

आखिरी वीकेंड पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा उपाय किए हैं। सभी वीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं और नए वाहन पास जारी करना बंद कर दिया गया है। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि अगर इस वीकेंड में भी भीड़ बढ़ती है तो सबसे पहले रेलवे स्टेशन के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट को एकल किया जाएगा भीड़ अगर और ज्यादा बढ़ती है तो अलग-अलग दिशा के यात्रियों के लिए अलग-अलग होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।



**वैज्ञानिक ने दावों को नकारा**

### गंगाजल अब भी पूरी तरह से शुद्ध

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे हैं। देश के जाने-माने पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। 5 घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु के स्नान के बाद भी शुद्धता ठीक है।



**सीएम सरमा ने डुबकी लगाई**

### सनातन को बताया 'दुनिया का भविष्य'

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि सनातन संस्कृति प्रमुखता से उभरी है। मैं स्नान करके बहुत भाग्यशाली हूं। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी थीं। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औरप्रशासन को धन्यवाद देता हूं।



## खबर संक्षेप

### सूरत में फिरौती मांग रहे एनएसयूआई के 5 'कैद'

**सूरत।** सूरत के सारोली थाना पुलिस ने कॉलेज संचालकों के मालिकों को फिरौती के लिए धमकी देने के मामले में पांच एनएसयूआई से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मीडिया को बुलाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर और सोशल मीडिया में कॉलेजों के खिलाफ वीडियो बना तीनों निजी कॉलेजों को बदनाम किया था। संचालकों को धमकी दी थी।



### शाह करेंगे पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को महाराष्ट्र के पुणे में 27वीं पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच विवादों का समाधान निकालना और सहकारी संघवाद को मजबूत करना है। बैठक में बुनियादी ढांचे, खनन, जल आपूर्ति, पर्यावरण,वन जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।



### भगवान भी रातों-रात नहीं सुधार सकते

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान से इन दिनों राज्य की राजनीति गरम है। उन्होंने कहा है कि भगवान भी बेंगलुरु में जाम और बुनियादी संरचना की समस्या का रातोंरात समाधान नहीं कर सकते हैं। बेंगलुरु को 2-3 साल में नहीं बदला जा सकता। इसे तभी बदला जा सकता है जब उचित योजना बने और क्रियान्वित भी हो।

### सीवर सफाई के दौरान दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** नरेला में शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे सीवर सफाई के दौरान दो लोगों की जहरीली गैस से मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। विजय मोची निवासी वार्ड नंबर 15, छिल्लर चौक, बेगुसराय और नंदू निवासी ग्राम संगवार, टीकम गढ़ एमपी नरेला के मंशा देवी अपार्टमेंट के पास, पॉकेट 6 में सफाई के लिए सीवर में उतरे थे। दोनों दम घुटने से बेहोश हो गए। तभी तीसरा व्यक्ति अनिल कुमार निवासी गांव भेड़िया टोला, अमरपुर, भोजपुर, बिहार भी सीवर में घुस गया। सभी भर्ती हैं।

## होली-दिवाली पर मुफ्त, बाकी 10 सिलेंडर 500 रुपए में सिलेंडर देने की योजना का ड्राफ्ट तैयार

कैबिनेट की अगली बैठक में मिल सकती है मंजूरी

# होली पर दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दे सकती है भाजपा सरकार

▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार होली से पहले दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर का तोहफा दे सकती है। इसे लेकर शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कैबिनेट के साथ अधिकारियों की एक बैठक की। योजना का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। कैबिनेट की अगली बैठक में इस पर फैसला भी लिया जा सकता है। दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के साथ इस संबंध बैठक हुई है। होली और दिवाली में गरीब महिलाओं को एक-एक एलपीजी सिलेंडर दिए जाने की योजना का खाका तैयार हो गया है।

दिल्ली सचिवालय में सिरसा ने कहा कि इस योजना के लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अगले दो दिनों में होने वाली कैबिनेट बैठक में मुफ्त सिलेंडर की योजना पर मुहर लग जाएगी। साल में दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाने के साथ साल के अन्य 10 और सिलेंडर पर भी सब्सिडी देकर कुल 500 रुपए की कीमत पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने संकल्प पत्र के हर वादे को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अलग-अलग विभाग से जुड़ी जनहित की योजनाओं को जल्दी ही धरातल पर लाने का काम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में दिल्ली की जनता को लुभाने के लिए कई वादे किए थे। इसमें गरीब परिवारों को एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में और होली-दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का वादा भी शामिल था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा था कि होली-दिवाली पर भाजपा सरकार सभी परिवारों को फ्री गैस सिलेंडर देगी।



### सीएम ने पानी और सड़कों को लेकर की विभागीय अधिकारियों संग बैठक

शपथ ग्रहण के दूसरे दिन शुक्रवार को भी बैठकों का दौर जारी रहा। अलग-अलग योजनाओं के बारे में मंत्रियों ने अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए। इसमें सबसे पहले होली का त्योहार है। भाजपा का होली व दिवाली गरीब महिलाओं को फ्री सिलेंडर देने का वायदा प्राथमिकता में है। कैबिनेट की अगली बैठक में इसका प्रस्ताव लाने की बात भी मंत्री ने कही है। होली-दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर सरकार उन्हीं महिलाओं को देगी, जिनके नाम एलपीजी गैस सिलेंडर का कनेक्शन है। वहीं सीएम और मंत्रियों ने पानी और सड़कों को लेकर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं।

**फ्लैट पर भी पीएम आवास का लाभ मिलेगा**

शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है।

### मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच

दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को लेकर बेठक हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों की जांच कराई जाएगी। वहीं दवाइयों की कमी से लेकर डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन तक की जांच की जाएगी। पंकज सिंह ने साफ कहा कि अगर कोई गड़बड़ी मिलती है तो इसमें कार्यवाही की जाएगी।

### सभी डिस्पेंसरी बनेंगी आरोग्य मंदिर

सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नगर निगम और राज्य सरकार की डिस्पेंसरी अपग्रेड करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-पीएचसी में बदली जाएंगी। पहले 30 दिन में 11 डिस्पेंसरी का लक्ष्य है। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के कुल 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर किए गए हैं। अभी 553 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाएगा और बाकी 413 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी व मंत्रियों के हटाए गए पर्सनल स्टाफ



**एक्शन में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से ही एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। उन्होंने सीएम का चार्ज संभालते ही एक के बाद एक धड़ाधड़ काम करने शुरू कर दिए हैं। पहले आयुष्मान योजना को मंजूरी, फिर कैग रिपोर्ट्स को सदन में पेश करने की मंजूरी मिली।

अब रेखा गुप्ता ने एक और निर्णय लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। साथ ही, पूर्व सरकारों ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की अन्य विभागों या संस्थानों में नियुक्त किया था, उन्हें तत्काल अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने का निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि 20 फरवरी को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिल्ली के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों की नियुक्ति हो गई है। नवनिर्वाचित सरकार के गठन के लिए सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की नियुक्ति नए सिरे से की जाती है।

ऐसे में पूर्व सीएम आतिशी और सबी मंत्रियों के त्यागपत्र देने के बाद उनके पर्सनल स्टाफ को समाप्त माना जाता है। इसी कारण पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को उनके मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। उनकी यहां की सेवाएं खत्म कर दी गई हैं।

### प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए थे अफसर

पूर्व सरकार ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर विभिन्न बोर्ड और कॉरपोरेशनों में भेजा था। शुक्रवार को गुप्ता ने सभी विभागों को अपने कर्मचारियों का अपडेट देना होगा। विभाग के जो अधिकारी और कर्मचारी कहीं और नियुक्त किए गए थे, उन्हें मूल विभागों में लौटाया जाएगा। एक हफ्ते पहले ही सभी विभागों से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर और व्यक्तिगत स्टाफ की नियुक्ति की सूची मांगी गई थी। इसके बाद गुप्ता ने कड़ा फैसला लेते हुए पूर्व सरकार द्वारा नियुक्त किए गए कर्मचारी और अधिकारियों को वापस उनके विभाग में जाने का आदेश दिया गया है।




**2 हादसों में 10 की मौत**

## प्रयागराज जा रहे तीर्थयात्रियों की गाड़ी टकराई, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶| मिर्जापुर

प्रयागराज जा रहे कर्नाटक के तीर्थयात्रियों की गाड़ी ट्रक से टकरा गई। इस घटना में 6की मौत हो गई, जबकि 5घायल हैं। बीदर से 11 लोग क्रूजर गाड़ी से तीर्थयात्रा पर निकले थे। इन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया और महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे पर रूपापुर गांव के पास सुबह 7बजे चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार क्रूजर सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई।



### पप्पू यादव की रिश्तेदार समेत 4 की गई जान

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार डॉ. सोनी कुमारी यादव सहित 4 की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिर्जापुर के पास इनकी बेलेनो कार ट्रक में घुस गई।

**राजस्थान विधानसभा में हंगामा**

## गहलोत नाराज, इंदिरा पर स्तरहीन टिप्पणी ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार सदन चलाना ही नहीं चाहती। उनके मंत्री और विधायक अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अविनाश गहलोत ने देश के लिए शहादत देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर स्तरहीन टिप्पणी की है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



### पूर्व मुख्यमंत्री माथुर का भी अपमान किया

गहलोत ने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर पर गंभीर आरोप लगाए थे। शर्मा ने माथुर पर किरोड़ीलाल मीणा और हरीश शर्मा के एनकाउंटर की साजिश रचने का दावा किया था, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेताओं द्वारा ऐसे आरोप लगाना अपमानजनक है।

## हिमाचल की पहाड़ियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**मौसम खुलते ही दिखा खूबसूरत नजारा**

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। शुक्रवार को मौसम खुलते ही बर्फ से लदी पहाड़ियां चांदी की तरह चमकीं। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल–स्पीति, चंबा, मंडी, कांगड़ा व सिरमौर जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बुधवार रात से गुरुवार देररात तक बारिश–बर्फबारी दर्ज की गई।

**मोदी ने किया अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन**

# इसे भाषा तक सीमित नहीं,आजादी की लड़ाई का सार बताया

## सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है।

**मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला**



उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं।

**मराठी भाषी व्यक्ति ने ही रखी थी आरएसएस की आधारशिला**

पीएम ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की इस धरती पर एक महान मराठी भाषी व्यक्ति ने 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीज बोए थे।

**दिल्ली में 71 वर्षों के बाद मनेगा जश्न**

प्रधानमंत्री के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 71 वर्षों के बाद मराठी साहित्य सम्मेलन मराठी साहित्य की कालातीत प्रासंगिकता का जश्न मनाएगा और समकालीन विमर्श में इसकी भूमिका तलाशेगा।इस सम्मेलन का उद्देश्य आज के सामाजिक संवाद के संदर्भ में मराठी साहित्य को सम्मानित करना और तलाशना है।

### शरद के आमंत्रण पर मुझे यह अवसर मिला

पीएम मोदी ने कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार के आमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है। इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से भली-भांति परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का निरंतर प्रयास किया है।

# राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर युवाओं के हितों के बारे में सोचे तमिलनाडु: प्रधान

**त्रि-भाषा नीति को लेकर बढ़ते विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को पत्र लिखकर दी नसीहत**

▶▶| नई दिल्ली

त्रि-भाषा नीति को लेकर केंद्र और तमिलनाडु के बढ़ता विवाद फिलहाल कहीं से भी थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। एक तरफ तमिलनाडु की सरकार कह रही है कि उसने हमेशा से ही दो-भाषा नीति का समर्थन किया है। ऐसे में वह तीन-भाषा नीति को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। वहीं, दूसरी तरफ केंद्र की तरफ से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को एक पत्र लिखकर कहा कि उन्हें राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर युवा शिक्षार्थियों के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। जिन्हें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से लाभ होगा।



दरअसल केंद्रीय मंत्री प्रधान का यह पत्र स्टालिन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए एक हालिया पत्र के जवाब में दिया गया है। जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कहा था कि समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री योजना को एनईपी के साथ जोड़ना बिल्कुल ठीक नहीं है।

### संघवाद की भावना के खिलाफ लिखा पत्र

प्रधान ने पत्र में कहा कि स्टालिन के द्वारा पीएम को लिखा गया पत्र केंद्र द्वारा प्रोत्साहित संघवाद की भावना के खिलाफ है। राज्य द्वारा एनईपी को गलत तरीके से देखना और अपने राजनीतिक विचार-विमर्श को बनाए रखने के लिए प्रगतिशील शैक्षणिक सुधारों की अवहेलना उचित नहीं है।

### एनसीटीई ने जारी किए नए ड्राफ्ट रेगुलेशन

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने अध्यापक शिक्षा संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए नए ड्राफ्ट रेग्युलेशन-2025 जारी किए हैं। पूर्व में इन्हें 2014 में जारी किया गया था। रेग्युलेशन को संशोधित किया गया है।

# SRU is a platform that makes the young idea in Warangal




Warangal, 21 February : The 2nd Edition of Sru Idea Conclave 2025 is in full swing at Sr University, Warangal, Bringing Together Students, Reservures, and Industry Leaders to Explore Innovative Solutions to Contemporary Challenges.

The event was inaugurated on February 20, 2025, with Dr. Shruti Bhargav, CEO of Srinidhi Ascend, Gracing the Occation as the Chief Guest Deepak Garg, the guest of Honor.Also Present Were Prof. Shivani Goel, Dean (Mentoring), Prof. Indrajit Gupta, Dean (School of Computer Science & AI), and Prof. M. Sheshikala, Head (Department of CS & AI), who shared insights on the importance of innovation, technology, and entrepreneurship in today's world.Exceptional Response & Competitive Spirit The first day saw 43 TeamS Presenting Their Innovative Ideas, Covering Fields Such AI, Sustainability, HealthCare, and Smart Technology Solutions.

These ideas were evaluated by an esteemed jury panel, including Dr. Vishwanath Bijalwan and Dr. Shridhar Chintala, who provided valuable feedback and guidance.The event is being meticulously coordinated by Dr. Durgesh Nandan, Associate Professor at Sru, Warangal.

As the Competition Progresses, More TeamS Will Continue to Showcase Their Creativity and Technical Expertise Over The Next Sessions. A Platform for Future Innovators The Sru Idea Conclave 2025 Serves as a Launchpad for Young Innovators, Fostering a Culture of Problem-Solving and Entrepreneurship. The Participants' Enthusiaasm and Ground-breaking Ideas Reflect Sr University's Commitment To Nurturing Talent.

# Should take action against human rights false institutions

● National Human Rights Council and National Chairman of the Human Rights Commission Sampath Kumar



Warangal, 21 February :The National Human Rights Council and the Human Rights Commission National Chairman Dr. Sampath Kumar said. Speaking at a press conference held at the Warangal Press Club on Friday, Telangana State President of Telangana State Telangana State President Burra Ramesh and various leaders of the state of India, who have been in the Constitution of India to inform the people about the basic rights of the Indian Constitution and provide them with the protection, support and cooperation of the victims against the Violence-Corruption. He said that the National Human Rights of the State Human Rights Contributed to the Administration Office Office. Appointments for eligible persons in the state office across the state. D. The cards were handed over. We have informed that the office will be available to the victims of danger and that there will be their fight against false institutions that are in the name of human rights in the country and the state. Recently, the state's Director General of Police (DGP) has complained to the SP, which has an address of the company, which has recently been used by our company in Telangana state. "We will soon report to the state government," he said. The event was attended by state women's wing president Guguloth Kamalabai, female leader, Chief Secretary of State Balakrishna Goud, State Cultural Programming Convener and South India Active Chairman. Subbarao, Nalgonda Division General Secretary CH. Venkateshwar and Hanmakonda district presidents M.A. Asif participated.

## PICTALK



Telangana Pradesh Congress sevadal President Middela Jithender's Birthday was grandly celebrated in his office located at karmanghat.In presence of Goshamahal constituency Congress Sevadal Manoj singh, Ashraf Ali, Farzana, Durga prasad, Ashwin Kumar Choudhary, Mohammed masood, Aniketh, Shiva and Rajnikanth.

# Grand Launch of 'Asia Jewels Show 2025'

● The Most Glamorous & The Most Awaited Jewellery Exhibition Brand An Exhibition of Enchanting Jewellery featuring Top Jewellers of the Nation.

● Happening on 21st, 22nd, 23rd February, 2025 at Hotel Taj Krishna Banjara Hills, Hyderabad.

● Actress Tejaswi Madivada, Actress Kamakshi Bhaskarla, Top Models, Jewellery enthusiast showcases exquisite Wedding & Bridal Jewellery at the Grand Launch of Asia Jewels Show 2025.




Asia Jewels Show 2025, one of South India's most Glamorous & Niche Jewelry Exhibition is presenting its 56th Edition in Hyderabad at Hotel Taj Krishna, Banjara Hills, Hyderabad on 21st, 22nd, 23rd February 2025 from 10.30AM to 8 pm.

The Grand Jewellery Exhibition is being held at Hotel Taj Krishna situated at Banjara Hills one of the most luxurious 5-star hotel in Hyderabad. This show is a very exclusive one as, Asia Jewels Show is featuring its 7th Edition in Hyderabad, the expo will showcase never seen before creative & Master piece jewelry designs from top jewelers from across India, all under one roof

Asia Jewels Show is a niche event exhibiting exclusive and high-end Fine branded gold, diamond, polki, fusion, traditional, victorian Jewellery among others. The event showcases some of the latest collections from, Gold Jewellery, Diamond Jewellery, Platinum Jewellery, Traditional Jewellery, Wedding Jewellery, Precious stone Jewellery, Kundan, Jadau & Polki Jewellery to name a few. Speaking on the Occasion of Date Announcement Event Mr. Harish Sachdev - Chief Organizer "Asia Jewels Show" said "Asia Jewels Show " is one of the finest jewelry exhibitions showcasing Top Jewellery Brands of the nation in the city of Hyderabad. Shop or Book your Exclusive jewellery for the up-coming Wedding Season & for all the prospective grooms and brides, a fair like this is a one stop-shop that brings some of the best jewelry.

# 27 is a holiday for govt employees who have the right to vote in MLC elections



Sangareddy District ; February 21 : In view of the Karimnagar Adilabad Nizamabad Medak Graduates and Teachers MLC Elections to be held on 27th of this month, the government employees who have the right to vote in the MLC elections.District Election Officer Collector Kranti Vallur said in a statement that the state government has declared a special holiday on the 27th of this month as per the orders of the state election officer. He said that the state government has announced a special holiday for the government employees who voted in the MLC elections. Therefore, the employees should exercise their right to vote in the MLC elections to be held on 27th, Collector Kranti Vallur said.

# Vidyapeeth's efforts are commendable: Former Minister Jana Reddy



Sangareddy District. February 21 : Former Home Minister of Andhra Pradesh Janareddy said that the efforts of Sri Jyotirvastu Vidyapeeth in spiritual and charitable service programs are commendable.

On Friday, he visited the Shivalinga with 1.08 crore Rudrakshas being constructed on the occasion of Mahashivratri at Sri Jyotirvastu Vidyapeeth in Fasalwadi, Sangareddy mandal.

Brahmashri Dr. Maheshwara Sharma, the founder of the Vidyapeeth, explained to Siddhanthi Janareddy that for the first time in the world Shivalinga is being made with Rudrakshas here.Siddhanthi explained that Bhasma Lingam and Patra Lingam were also made for Mahashivratri in the past. Janareddy was told that the construction of Kailasa Prastara Mahamaku Panchamukha Umamaheswara Swamy temple will also be done in the ashram.

He said that only natural materials are used in the temple. Janareddy said that organizing such programs at a young age is commendable. TGIC Chairman. Nirmala Jayaprakash Reddy's former chairman Topaji Anantha Kishan, Vidya Peetha members Prashant Kumar, Daram Sanjay, Vittal Das, Rajendra Mahender and Bhairava Prasad participated in the Nirmala Jayaprakash Reddy program.

# 'Congress, BJP, Chandrababu and Revanth Reddy betrayed Telangana'

Hyderabad, Feb.21 Former Minister Jagadish Reddy has alleged that the Congress party, BJP, AP CM Chandrababu Naidu and his disciple Revanth Reddy were responsible for the betrayal of Telangana state. He claimed that the BRS party protected the interests of the state in its rule.

"BRS is a party that was born for Telangana. We are the party that led the movement by creating fire in the water. KCR is a leader who has researched all the issues on Telangana," he said. He criticised the Congress government for not having the minimum knowledge in the matter of water shares.He was speaking to the media along with former MLAs Gadari Kishore Kumar and Bolla Mallaiah Yadav at Telangana Bhavan in the city . He said that former minister Harish Rao suggested that the exploitation of Krishna river water was going on and demanded that it should be stopped. He said that AP was carrying more water than its share in Srisailam project and Nagarjuna Sagar projects.

He said there was a situation where there was a problem of irrigation and drinking water under the left canal of the Nagarjuna Sagar."We should talk about 123 TMC which is our right. The state ministers are trying to escape on the issue of water," he said . He suggested that the government should stop talking about the BRS leaders and question the Centre and Chandrababu.

"The state government is looking at the moon even though AP was taking away the Krishna water that Telangana has stored . Harish Rao said that due to the exploitation of water by AP, there is a situation in telangana where irrigation and drinking water will be affected. State Minister Uttam Kumar spoke rubbish without answering his questions. The Congress leaders are talking about politics when we talk about the threat posed to the state. It was the Congress and the BJP that did injustice to Telangana in the united State. Chandrababu, Revanth Reddy, Congress and BJP are responsible for not getting proper share of the water for Telangana. Uttam Kumar read what someone had written. Revanth Reddy became the CM with scoldings.

Uttam thinks that if he speaks the same language, he will become the chief minister," Reddy mocked. He claimed that During the 10 years of KCR's rule, there was no difficulty in drinking water and added that minister Uttam was speaking against KCR the same rubbish that Revanth Reddy spoke about.

# निकाय चुनाव संपन्न कराने का कार्य जिम्मेदारी के साथ पूरा करें अधिकारी-कर्मचारी- जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार

- चुनाव ड्यूटी के लिए दिए जा रहे पहले दौर के प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे निर्वाचन अधिकारी
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने सफल चुनाव के लिए जिला स्तरीय तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** जिला स्तर पर निकाय चुनाव-2025 की तैयारियों का दौर लगातार जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने शुक्रवार को सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारियों को दिए जा रहे पहले दौर के प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से सफल चुनाव कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इसमें स्ट्रांग रूम के अलावा चुनाव के दिन विभिन्न पोलिंग स्टेशन पर पीठासीन अधिकारियों सहित विभिन्न पोलिंग अधिकारियों व एजेंट की एंट्री-एग्जिट, ईवीएम प्लेसमेंट, मॉक पॉल संबंधी तैयारियों के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही कहा कि चुनाव सबसे जिम्मेदारी का काम है। इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न रहे। निकाय चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर करीब छह हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं देंगे। इसके लिए अधिकारियों- कर्मचारियों का प्रशिक्षण दो चरण में पूरा किया जाएगा। इसमें पहले चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को निकाय चुनाव की संवेदनशीलता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ में चिन्हित लोगों को ही प्रवेश की अनुमति है। झगड़े की स्थिति में तुरंत अपने अधिकारी व पुलिस कर्मी को सूचित करें। इस बार जिला स्तर पर पांच क्षेत्रों में शहरी निकाय चुनाव कराए जाने हैं, इसमें गुरुग्राम-मानेसर नगर निगम के अलावा नगर पालिका फर्रुखनगर में चेयरमैन व वार्ड,



नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी में चेयरमैन व वार्ड के अलावा सोहना नगर परिषद में प्रधान पद का उपचुनाव कराया जाना है। सोहना क्षेत्र को छोड़कर अन्य चार यूएलबी क्षेत्र में वार्ड पार्षद पद व चेयरमैन/मेयर के लिए दो अलग-अलग मतदान होंगे। संबंधित पोलिंग स्टेशन के पीठासीन अधिकारी मतदाता को यह जानकारी देकर मतदान सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी सहित पोलिंग ऑफिसर शामिल हुए। सुबह शाम की दो शिफ्ट में जारी इस सत्र में सीटीएम रविंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन के इस कार्यक्रम में एडीसी हितेश कुमार, बादशाहपुर के एसडीएम एवं एआरओ अंकित चौकसे, सोहना एसडीएम एवं आरओ संजीव कुमार, एआरओ एवं एएलसी कुशल कटारिया, एआरओ लोकेश यादव सहित अन्य एआरओ व संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# 2 दोस्तों की मौत, सवा साल पहले हुई थी सोमबीर की शादी; पत्नी 5 माह की गर्भवती

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**भिवानी।** शादी समारोह से शुक्रवार अल सुबह तीन बजे बाइक पर घर लौट रहे दो दोस्तों की बाइक बावड़ीगेट क्षेत्र में डिवाइडर से टकरा गई। इस सड़क हादसे में बाइक सवार दोनों ही दोस्तों की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने शुक्रवार सुबह जिला नागरिक अस्पताल में एक शव का पोस्टमार्टम कराया। जबकि दूसरे शव का रोहतक पीजीआई में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने इस संबंध में मृतक के भाई के बयान दर्ज कर इत्तेफाकिया मौत मामले की कार्रवाई की है। शहर थाना पुलिस को दिए बयान में नेहरू कॉलोनी निवासी दीपक ने बताया कि वे चार भाई हैं। उसके भाई 25 वर्षीय सोमबीर सेक्टर में हेयर शेलून की दुकान थी। सोमबीर और रेलवे स्टेशन लाइन पार निवासी 35 वर्षीय मैनपाल बाइक पर सवार होकर वीरवार को एक शादी समारोह में गए थे। वे शुक्रवार अल सुबह करीब तीन बजे शादी से घर वापस लौट रहे थे। जब वे बावड़ीगेट के समीप पहुंचे तो अचानक ही उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस सड़क हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहे राजगीरों ने एंबुलेंस को फोन किया। इसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने सोमबीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं मैनपाल की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। रोहतक पीजीआई लेकर जाते समय मैनपाल ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया।

सवा साल पहले हुई थी सोमबीर की शादी, पत्नी पांच माह की गर्भवती

हादसे में मृतक सोमबीर की सवा साल पहले शादी हुई थी। उसकी पत्नी पांच महीने की गर्भवती है। हादसा वीरवार रात और शुक्रवार अल सुबह करीब 3 बजे का है। वीरवार को सोमबीर और मैनपाल बाइक पर सवार होकर किसी परिचित के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। शादी समारोह से वापस लौटते समय जब वे भिवानी के बावड़ी गेट पर पहुंचे तो बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके चलते दोनों बाइक से काफी दूर जा गिरे और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

मृतक सोमबीर तीन भाई और एक बहन में था तीसरे नंबर पर था

मृतक के पिता जोगेंद्र ने बताया कि उसके 4 बच्चे हैं, जिनमें 3 बेटे और एक बेटी है। तीसरे नंबर का सोमबीर था। सोमबीर सेक्टर 13 में हेयर ड्रेसर का काम करता था। उसकी शादी करीब सवा साल पहले हुई थी। सोमबीर की पत्नी 4-5 महीने की गर्भवती है। सोमबीर के घर पर जल्दी ही खुशियां आनी थी, लेकिन इससे पहले एक्सीडेंट में उसकी मौत हो गई। वहीं मैनपाल अभी अविवाहित था। वह मजदूरी करता था। सोमबीर के रिश्तेदार सुरेश ने कहा कि दोनों परिवार गरीब है।

# सर्वाधिक फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त करने का कीर्तिमान है नूतन के नाम: प्रो. संजय भसीन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** हिन्दी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से नूतन एक रही हैं। भारतीय सिनेमा जगत में नूतन को एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने फ़िल्मों में अभिनेत्रियों के महज शोपीस के तौर पर इस्तेमाल किए जाने की परंपरागत विचार धारा को बदलकर उन्हें अलग पहचान दिलाई थी। सुजाता, बंदिनी, मैं तुलसी तेरे आंगन की, सीमा, सरस्वती चंद्र, और मिलन जैसी कई फ़िल्मों में अपने उत्कृष्ट अभिनय से यह साबित किया कि नायिकाओं में भी अभिनय क्षमता है और अपने अभिनय की बदौलत वे दर्शकों को सिनेमा हॉल तक लाने में सक्षम हैं। उक्त उद्गार हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक व वरिष्ठ रंगकर्मी प्रो. संजय भसीन ने नूतन की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उनका जन्म 4 जून 1936 को मुंबई में हुआ था। नूतन ने बतौर बाल कलाकार फिल्म नल दमयंती से अपने सिने कैरियर की शुरूआत की थी। उन्होंने कई सौंदर्य प्रतियोगिता में भी भाग लिया था। प्रो. भसीन ने बताया कि नूतन ने अभिनेता देवानंद के साथ पेइंग गेस्ट, तेरे घर के सामने में अभिनय कर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। विमल राय की फ़िल्म सुजाता, दिल ने फिर याद किया एवं बंदिनी में भी उनका यादगार अभिनय रहा। नूतन ने अपने सिने कैरियर में उस दौर के सभी दिग्गज और नवोदित अभिनेताओं के साथ अभिनय किया। राजकपूर के साथ फ़िल्म अनाड़ी में भी उन्होंने काम किया था। सरस्वती चंद्र की अपार सफलता के बाद नूतन फ़िल्म इंडस्ट्री की नंबर वन नायिका के रूप मे स्थापित हो गई थी। उन्होंने फिल्म सौदागार में अमिताभ बच्चन, फिल्म कर्मा में दलीप कुमार के साथ भी काम किया। बतौर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सर्वाधिक फ़िल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त करने का कीर्तिमान नूतन के नाम दर्ज है। उन्हें केंद्र सरकार द्वारा पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। 21 फरवरी 1991 को उनका निधन हो गया था। प्रो. भसीन ने सिने जगत में अपनी किस्मत आजमाने वाले कलाकारों से आग्रह किया है कि वे नूतन के संघर्ष से प्रेरणा लेकर अपने क्षेत्र में आगे बढ़ें।

# 16 वें आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद(एससीईआरटी) में नेहरू युवा केंद्र गुरुग्राम हरियाणा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन गृह मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम द्वारा आयोजित किया गया। गत 15 फरवरी से शुरू हुए इस कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन किया गया। दिन की शुरुआत योग प्रशिक्षक मोहित कुमार द्वारा युवाओं को योग करवाकर की साथ ही स्वच्छता अभियान में युवाओं द्वारा कैम्पस की सफाई करते हुए सभी युवाओं को स्वच्छता शपथ दिलाई गई साथ ही आदिवासी युवा आदान - प्रदान कार्यक्रम में युवाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा को उजागर करने के लिए उनके बीच उनके लोकाचार, लोक परम्परा, लोक गीत, लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल की भूमिका में श्री मोहित कुमार संस्थापक एवं राज्य प्रशिक्षक प्रतिष्ठा युवा संगठन, श्रीमती ममता धवन राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित, श्री हरीश परेल राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में श्रीमति शकुन्तला शिक्षाविद म्यूजिक, गीता वर्मा अध्यापक म्यूजिक, विजय लक्ष्मी फोरला घुंघरू एकेडमी उपस्थित रहें। युवाओं ने अपने पारम्परिक लोकनृत्य से सभी का मन मोह लिया वही निर्णायक मण्डल द्वारा उनमें से पांच




टीमों का चयन किया गया जिनको समापन कार्यक्रम पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम पी शर्मा पूर्व संयुक्त निदेशक, विशिष्ट अतिथि श्री वीरेन्द्र बोकन पूर्व उप निदेशक, श्रीमति स्नेहालता जिला युवा अधिकारी पानीपत द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम पुरूस्कार कंधमल उड़ीसा, दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़, वेस्ट सिंघभूम झारखण्ड, नारायणपुर छत्तीसगढ़ एवं बालाघाट मध्य प्रदेश जिसमें रूपये 10000/, द्वितीय पुरूस्कार रूपये 5000/, तृतीय पुरूस्कार रूपये 3000/ दो सांत्वना प्रत्येक 2000/ कुल 22000/ पुरस्कार राशि एंव प्रमाण पत्र प्रदान किये गये । तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम 5000/द्वितीय 3000/तृतीय 2000/ के साथ दो सांत्वना 1000 रुपए प्रदान किए गए समापन समारोह के दौरान नवीन गुलिया ने बताया कि आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में चार राज्य जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, झारखण्ड के और मध्य प्रदेश राज्य के बालाघाट जिले से 200 युवा सीआरपीएफऔर आईटीबीपी के 20 एस्कॉर्ट अधिकारी भाग ले रहे हैं । जिसमें जिला उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा हैं कार्यक्रम में सभी युवाओं को प्रमाण पत्र और यादगार के रूप में फोटोफ्रेम वितरित किया गया कुछ प्रतिभागियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन हरीश पेलक और धन्यवाद ज्ञापन आशीष सांगवान जिला युवा अधिकारी रोहतक ने दिया कार्यक्रम में सहयोग सााईका खातून लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, ममता धवन, विजेता, खुशी, बलजीत, तुषार, अरुण, प्रियंका, शिवानी, कुमारी दीपक, अनीस, सुमित, उमेश, साहिल, गरिमा, रिया आदि का रहा।

# गुरुग्राम जिला में 8 मार्च को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से होगा मामलों का निपटारा: श्री रमेश चंद्र, सचिव डीएलएसए

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 08 मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव श्री रमेश चंद्र ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 08 मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। सचिव ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

# सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की पहचान है एक छायावादी कवि के रुप में : डा. घमंडीलाल अग्रवाल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** हिंदी कविता के छायावादी युग के 4 प्रमुख स्तंभों में से सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला एक माने जाते हैं। वह जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा के साथ हिन्दी साहित्य में छायावाद के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कई कहानियां, उपन्यास और निबंध भी लिखे हैं किन्तु उनकी ख्याति विशेषरुप से कविता के कारण ही है। साहित्य में अब उनके समकालीन कवि व साहित्यकार कम ही मिलते हैं। उक्त उद्गार साहित्यकार डा. घमंडीलाल अग्रवाल ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर उन्हें याद करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि निराला का जन्म बंगाल के जिला मेदिनीपुर में 21 फरवरी 1899 में हुआ था। वसंत पंचमी पर उनका जन्मदिन मनाने की परंपरा 1930 में प्रारंभ हुई थी। निराला की शिक्षा हाई स्कूल तक हुई। हालांकि उन्होंने हिन्दी, संस्कृत और बांगला का अध्ययन भी किया था। उनका जीवन संघर्षमय रहा। लेकिन उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन इलाहाबाद में ही बीता। उन्होंने कई समाचार पत्रों का सपादन भी किया। उनकी पहली कविता जन्मभूमि प्रभा नामक मासिक पत्रिका में प्रकाशित हुई। डा. अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने अपने समकालीन अन्य कवियों से अलग कविताओं की रचना की। यथार्थ को प्रमुखता से चित्रित किया। वह हिन्दी में मुक्तछन्द के प्रवर्तक भी माने जाते हैं। 15 अक्टूबर 1961 को उनका निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में कार्यरत साहित्यकारों को उनकी रचनाओं व लेखों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपनी रचनाओं में उनका समावेश करना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# नगर निकाय चुनाव में भाजपा अपना परचम लहराएगी: डा. सतीश पूनिया

- नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री ने गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा प्रत्याशियों के साथ की बैठक
- भाजपा बड़े मार्जिन से जीतेगी नगर निकाय चुनाव : बड़ौली

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** भाजपा ने नगर निकाय चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार देर सायं भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुग्राम, मानेसर नगर निगम और पटौदी नगरपरिषद के चेयरमैन, मेयर व पार्षद उम्मीदवारों के साथ बैठक की। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, जिला अध्यक्ष कमल यादव, विधायक मुकेश शर्मा, विधायक बिमला चौधरी आदि उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने सभी भाजपा प्रत्याशियों से वार्ड अनुसार पूरी जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। डा. सतीश पूनिया ने बताया कि सभी सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना है। डा. पूनिया ने कहा कि जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा नगर निकाय चुनाव में अपना परचम लहराएगी। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास की गति को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नॉन स्टॉप विकास के कार्य प्रदेश में कर रहे हैं। हरियाणा की जनता भाजपा सरकार के विकास कार्यों से खुश है, इसलिए निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। डा. पूनिया ने यह भी कहा कि भाजपा के लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है, इसलिए चुनाव छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि चुनाव में हमें कड़ी मेहनत करनी है, घर-घर दस्तक




देनी है और लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सभी प्रत्याशियों के साथ मिलकर कमल का फूल खिलाने के काम में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई है। भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है, इसलिए मतदाता नगर निकाय चुनाव में एकतरफा मतदान करते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें बड़े मार्जिन से नगर निकाय चुनाव को जीतना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का विजन विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाना है। श्री बड़ौली ने कहा कि राज्य के विकास को एक नई उंचाई पर लेकर जाना है।

# मातृ भाषा के बिना किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना करना है बेमानी: संदीप जौहरी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया गया। शिक्षाविद् संदीप जौहरी ने कहा कि 17 नवम्बर 1999 को यूनेस्को ने अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को स्वीकृति दी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले। वर्ष 2008 को अन्तर्राष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को महत्त्व दिया था। भारतीय संविधान निर्माताओं की सोच थी कि स्वतंत्रता के बाद भारत का शासन अपनी भाषाओं में चले ताकि आम जनता शासन से जुड़ी रहे और समाज में एक सामंजस्य स्थापित हो और सबकी प्रगति हो सके। जौहरी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश में मातृभाषा हिंदी को जो महत्व मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल सका है। अंग्रेजी के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि यह एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है। हिंदी केवल बोलचाल की भाषा ही नहीं, बल्कि सामान्य काम से लेकर इंटरनेट तक के क्षेत्र में इसका प्रयोग बखूबी हो रहा है। उन्होंने सरकार से भी आग्रह किया है कि शासकीय कार्यालयों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। उनका कहना है कि मातृभाषा आदमी के संस्कारों की संवाहक है। मातृभाषा के बिना किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना बेमानी है। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित करती है। मातृ भाषा आत्मा की आवाज़ है तथा देश को माला की लड़ियों की तरह पिरोती है। मां के आंचल में पल्लवित हुई भाषा बालक के मानसिक विकास को शब्द व पहला सम्प्रेषण देती है। मातृ भाषा ही सबसे पहले इंसान को सोचने-समझने और व्यवहार की अनौपचारिक शिक्षा और समझ देती है। प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही कराई जानी चाहिए।

# जिस वस्तु को पाना चाहते हैं, उसी पर केंद्रित करें अपना मन: सुधांशु महाराज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** जहां मन को टिकाना चाहते हो, उसके प्रति आकर्षण पैदा करो। व्यक्ति का मन लोभ, लालच, अहंकार, मोह, स्वार्थ आदि की बातों में टिका रहता है, इसलिए स्वतरू ही मन वहां जाता है। यदि मन एक वस्तु पर केंद्रित नहीं रहेगा तो आप भी स्थिर नहीं हो पाएंगे। जिस वस्तु को पाना चाहते हो, उसी पर मन केंद्रित करें। उक्त उद्गार धार्मिक संस्था विश्व जागृति मिशन द्वारा सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर के सामने मैदान में आयोजित किए जा रहे 4 दिवसीय सनातन धर्म जागृति दिव्य भक्ति सत्संग एवं ध्यान सत्र में आचार्य सुधांशु महाराज ने शुक्रवार को प्रवचन करते हुए व्यक्त किए। महाराज जी ने कहा कि मन को एक वस्तु पर केंद्रित करने के लिए ध्यान सबसे बड़ा साधन है। भगवान के प्रति अपना प्रेम जागृत करना ही परमात्मा को पाना है। धन में व्यक्ति का इतना आकर्षण रहता है कि बार बार मन वहीं पर जाता है। ईश्वर का सिमरन कीजिए, मन ही मन जाप कीजिए, ईश्वर की प्राप्ति अवश्य होगी। साधकों ने महाराज जी से ईश्वर प्राप्ति के बारे में जानने की इच्छा प्रकट की। जिस पर उन्होंने कहा कि सभी भक्त अपनी श्रद्धा, साधना, परमात्मा भक्ति, एवं समर्पण भाव से कष्टों को निवारण करके जीवन में एक नया उजाला प्राप्त कर सके। परमात्मा के दर पर बिताया गया पल कभी बेकार नहीं जाता। भौतिक वस्तुओं का त्याग कर ईश्वर के प्रति लगन लगाएं। आत्मिक शांति की अनुभूति होगी। समस्त दुखों का नाश होगा। मंडल के प्रधान एनपी चंडोक, कार्यकारिणी के प्रधान सुभाष ग्रोवर व कार्यक्रम बोधराज सीकरी, धर्माचार्य हरीश उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातरूकालीन सत्र ध्यान साधना के लिए समर्पित रहा। जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने ध्यान-साधना की। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से साधक पहुंचे। आयोजन को सफल बनाने में प्रवीण शाही, विकास शाही, विजय ग्रोवर, राजकुमार, विजय अरोड़ा, नरेश अग्रवाल, धीरज सिंघल सहित कार्यकारिणी के सदस्य आदि जुटे हुए हैं।

# वैज्ञानिक शांति स्वरुप भटनागर के जीवन से युवा लें प्रेरणा : प्रो. सुभाष सपरा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** भारतीय वैज्ञानिकों ने विभिन्न अनुसंधान कर देश का नाम रोशन किया है। इन्हीं में से भारत में वैज्ञानिक शांति स्वरुप भटनागर एक मुख्य व्यक्तित्व के धनी थे, जो औद्योगिक अनुसन्धान परिषद के निदेशक रहे और उन्होंने राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं की स्थापना में अमूल्य योगदान दिया। शिक्षाविद् प्रो. सुभाष सपरा ने वैज्ञानिक शान्ति स्वरूप भटनागर को उनकी जयंती पर याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 21 फरवरी 1894 को अविभाजित भारत के शाहपुर में हुआ था। उनका बचपन ननिहाल में ही बीता था। उनके नाना एक इंजीनियर थे, जिसके कारण उनकी रुचि विज्ञान और अभियांत्रिकी में बढ़ गई थी। उन्हें यांत्रिक खिलौने, इलेक्ट्रानिक बैटरियां और तारयुक्त टेलीफोन बनाने का शौक़ रहा। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन से विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध विषय में एमल्जन्, कोलाय्ड्स और औद्योगिक रसायन शास्त्र थे, लेकिन उनका मूल योगदान चुम्बकीय-रासायनिकी के क्षेत्र में था। उन्होंने चुम्बकत्व को रासायनिक क्रियाओं को अधिक जानने के लिए औजार के रूप में प्रयोग किया था। उन्होंने प्रो. आरएन माथुर के साथ भटनागर-माथुर इन्टरफेरेन्स संतुलन का प्रतिपादन किया था, जिसे बाद में एक ब्रिटिश कंपनी द्वारा उत्पादन में प्रयोग भी किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1941 में ब्रिटिश सरकार द्वारा उनके शोध के लिए उन्हें नाइटहुड से सम्मानित किया गया था। देश लौटने के बाद उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रोफ़ेसर के पद पर कार्य किया था। उन्हें वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का प्रथम महानिदेशक भी बनाया गया था। उन्हें शोध प्रयोगशालाओं का जनक कहा जाता है। विज्ञान एवं अभियांत्रिकी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 1954 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनका निधन 1 जनवरी 1955 में हो गया था। विज्ञान और शोध क्षेत्र में कार्यरत लोगों से प्रो. सपरा ने आग्रह किया कि वे शान्ति स्वरूप भटनागर के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें, ताकि देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी रोशन हो सके।

# जींद में थार की टक्कर से किसान की मौत, देर रात निडानी के पास हुआ हादसा; खेत से घर लौट था मृतक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**जींद।** जींद के गोहाना मार्ग पर निडानी गांव के पास तेज रफ्तार थार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान निडानी निवासी 40 वर्षीय अनिल के तौर पर हुई है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और गाड़ी के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। वीरवार देर शाम को निडानी निवासी अनिल बाइक पर सवार होकर खेत में गया था। इसके बाद वह करीब साढ़े नौ बजे खेत से वापस चल पड़ा। गांव के बस अड्डे के पास एक दुकान पर उसने बाइक रोकी और वह सामान लेने के लिए बाइक से उतरने लगा, तभी जींद की तरफसे आ रही तेज रफ्तार थार गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह दूर जा गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक एक लडक़ा और लडक़ी का पिता था। वह ठेके पर जमीन लेकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

अधिकारी के अनुसार

नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना को अंजाम देने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। -वीरेंद्र सिंह, जांच अधिकारी, सदर थाना जींद।

# Increase ESG (Green) Investment For Higher Profitability




Increasing investments in ESG (environmental, social, and governance) initiatives will help companies make more money, a new Infosys study has said. The report, 'ESG Redefined: From Compliance to Value Creation,' noted that a 10-percentage point increase in ESG spending correlated with a one percentage point increase in profit growth. The report noted that 90 per cent of business executives reported moderate or significant financial returns for their companies after ESG spending. At least two-thirds of nearly 2,500 respondents experienced returns on their ESG investments within three years, it added. "Companies must shift views to recognize ESG as a value creator to reap the financial benefits of ESG investments and to achieve maximum impact in creating a better, more sustainable world," said Mohit Joshi, President of Infosys. ESG is made of three components - Environment, Social and Governance. The Environment component broadly focuses on how environmentally sustainable a company is. The Social component covers a company's relations with individuals and institutions. The Governance component deals with a company's internal practices and controlsOf late, the concept of ESG is gaining traction in the corporate world. Investors are increasingly looking at a company's ESG performance before taking an investment decision. An EY survey conducted in the backdrop of the Covid-19 pandemic suggested that 98 per cent of investors preferred a more rigorous approach to evaluating a company's nonfinancial or ESG performance. "... investors are stepping up the game. when it comes to assessing the performance of companies using ESG or nonfinancial factors," the survey noted. However, the concept of ESG is focused more on environmental sustainability and less on corporate governance and social initiatives, the Infosys report said. PromotedListen to the latest songs, only on JioSaavn.com The report added that ESG leadership, which includes having a Chief Diversity Officer (CDO), Chief Sustainability Officer (CSO), an ESG committee on the board, and sanctioning capital expenditure for ESG initiatives, can help a compa-

# Markets trade lower in early trade



New Delhi: Equity benchmarks Sensex and Nifty declined in early trade on Friday amid a weak trend in global markets and a sell-off in IT counters. The 30-share BSE benchmark index fell 385.38 points to 61,413.65 in early trade. The broader NSE Nifty declined 115.35 points to 18,299.55. From the Sensex pack, Tata Consultancy Services, Wipro, HCL Technologies, Infosys, ITC, Kotak Mahindra Bank, and Mahindra & Mahindra were the major laggards. Larsen & Toubro, Reliance Industries, Power Grid, Bharti Airtel, Axis Bank, and UltraTech Cement were among the winnersElsewhere in Asia, equity markets in Seoul, Tokyo, and Shanghai were trading lower, while Hong Kong was quoted in the green. The US markets had ended sharply lower on ThursdayThe BSE benchmark Sensex had tanked 878.88 points or 1.40 percent to settle at 61,799.03 on Thursday. The Nifty plummeted 245.40 points or 1.32 percent to end at 18,414.90. International oil benchmark Brent crude dipped 0.05 percent to USD 81.17 per barrel. Foreign institutional investors (FIIs) offloaded.

# 6 ways to reduce stress Rishad Premji



